**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1519**

**दिनांक 13 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ**

**एनटीपीसी द्वारा की गई सीएसआर गतिविधियां**

**1519. श्री अजय कुमार मंडल:**
**श्री अरुण कुमार सागर:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत सामाजिक कल्याण से संबंधित कार्यों के लिए नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) और विद्युत वित्त कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) द्वारा किए गए कार्यों का विवरण क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान विभिन्न कार्यों पर खर्च की गई धनराशि का विवरण और उससे लाभान्वित हुए लोगों की स्थानवार संख्या क्या है;

(ग) क्या सरकार ने सीएसआर के तहत धन के उपयोग के संबंध में कोई मानदंड तय किया है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ प्रभावी कदम उठाने का विचार रखती है कि सीएसआर के तहत धनराशि विशेष रूप से पिछड़े और अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में खर्च की जाए;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार को एनटीपीसी और पीएफसी द्वारा की गई सीएसआर गतिविधियों की निगरानी के लिए कोई सामाजिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्राप्त हुई है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और परिणाम क्या हैं?

**उत्तर**

**विद्युत राज्य मंत्री**
**(श्री श्रीपाद नाईक)**

**(क) और (ख) :** पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान एनटीपीसी लिमिटेड और पीएफसी लिमिटेड द्वारा सामाजिक कल्याण से संबंधित कार्यों के लिए किए गए कार्यों और खर्च की गई धनराशि तथा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत लाभान्वित लोगों की संख्या का ब्यौरा क्रमशः **अनुबंध-I** और **अनुबंध-II** पर है।

**(ग) से (ङ) :** लोक उद्यम विभाग (डीपीई) ने सीएसआर गतिविधियों पर दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 में निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 और सीएसआर नियम में निर्धारित सीएसआर गतिविधियों के अनुसरण में तीन पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के औसत निवल लाभ का कम से कम 2% खर्च करना अनिवार्य होगा। औसत निवल लाभ का यह निर्धारित प्रतिशत कंपनी अधिनियम, 2013 और सीएसआर नियमों में निर्दिष्ट तरीके से प्रत्येक वर्ष खर्च किया जाना है। यदि कोई कंपनी ऐसी राशि खर्च करने में विफल रहती है, तो उसे यह खर्च न करने के कारणों को निर्दिष्ट करना होगा। हालांकि, सीपीएसई के

मामले में किसी विशेष वर्ष में इस राशि को खर्च न करने के कारणों की रिपोर्ट करना और स्पष्टीकरण देना ही पर्याप्त नहीं होगा और किसी विशेष वर्ष में खर्च न की गई सीएसआर राशि लैप्स नहीं होगी। इसके बजाय यह अगले वर्ष की राशि में जोड़ी जाएगी ताकि जिस उद्देश्य के लिए इसे आवंटित किया गया था, उसके लिए इसका उपयोग किया जा सके। अधिनियम में किए गए उल्लेख के अनुसार, सीपीएसई को अपनी सीएसआर गतिविधियों के स्थान का चयन करते समय 'स्थानीय क्षेत्र' को प्राथमिकता देनी चाहिए।

डीपीई ने वित्तीय वर्ष 2018-19 से सभी प्रशासनिक मंत्रालयों और सीपीएसई को सीएसआर व्यय पर वार्षिक थीम-आधारित केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों में अन्य बातों के साथ-साथ यह भी प्रावधान है कि ऐसे विषयगत कार्यक्रमों के लिए सीएसआर व्यय सीपीएसई के वार्षिक सीएसआर व्यय का लगभग 60% होना चाहिए और नीति आयोग द्वारा चिह्नित किए गए आकांक्षी जिलों को सीएसआर व्यय में वरीयता दी जा सकती है। वर्ष 2018-19 से डीपीई द्वारा निर्धारित वार्षिक सीएसआर थीम का ब्यौरा इस प्रकार है:

| **वर्ष** | **थीम** |
|---|---|
| 2018-19 | विद्यालयी शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल |
| 2019-20 | विद्यालयी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पोषण |
| 2020-21 | स्वास्थ्य और पोषण |
| 2021-22 | अस्थायी अस्पताल और अस्थायी कोविड देखभाल सुविधाएं स्थापित करने सहित कोविड से संबंधित उपायों पर विशेष फोकस के साथ स्वास्थ्य और पोषण |
| 2022-23 | स्वास्थ्य और पोषण |
| 2023-24 | स्वास्थ्य और पोषण |
| 2024-25 | स्वास्थ्य और पोषण |

एनटीपीसी के अधिकांश स्टेशन पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों से संबंधित समुदायों के अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित हैं। सीएसआर गतिविधियों के लाभ, जो मूलत: समावेशी हैं, पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों सहित सभी समुदायों को दिए जाने हैं।

इसी तरह, पीएफसी ने पिछड़ी और अनुसूचित जातियों के समुदायों के लोगों के लिए विभिन्न सीएसआर गतिविधियाँ जैसे कि अनुसूचित जातियों (एससी)/अनुसूचित जनजातियों (एसटी)/अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)/बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी)/महिलाओं/भारत के विभिन्न स्थानों पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) से संबंधित बेरोजगार युवाओं के कौशल विकास प्रशिक्षण और स्वास्थ्य संबंधी कौशल विकास प्रशिक्षण भी शुरू की हैं।

**(च) और (छ) :** सीएंडएजी कंपनी अधिनियम/नियम/दिशानिर्देश के संगत प्रावधानों के अनुसार सीएसआर नीति/परियोजना की योजना और कार्यान्वयन की सत्यता का आकलन करने के लिए सीपीएसई के सीएसआर व्यय का विषयगत ऑडिट करता है। इसके अलावा, एनटीपीसी के स्टेशन सीएसआर के लिए एनटीपीसी की नीति के अनुसार नियमित अंतराल पर नियमित आवश्यकता मूल्यांकन सर्वेक्षण (एनएएस) और सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन (एसआईई) करते हैं।

पीएफसी ने कंपनी (सीएसआर) नियमों के नियम 8(3) और पीएफसी की सीएसआर नीति के अनुसार अपनी सीएसआर पहलों का प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया है। पीएफसी द्वारा कराए अध्ययनों का विवरण पीएफसी की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है।

**लो.सं.अतारां.प्र.सं. 1519**

**अनुबंध-I**

**क. एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा सामाजिक कल्याण से संबंधित कार्यों और सीएसआर के अंतर्गत लाभान्वित लोगों के लिए किए गए कार्यों का विवरण**

**(आंकड़े करोड़ रुपए में)**

| क्रम सं. | फोकस क्षेत्र | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 (31.01.2025 तक अनंतिम) | लाभान्वित लोग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वास्थ्य | 153.54 | 123.71 | 38.71 | 34.05 | एनटीपीसी की विभिन्न सीएसआर गतिविधियों से लगभग 16,00,000 लोग लाभान्वित हुए हैं, जो मुख्य रूप से देश भर में स्थित एनटीपीसी स्टेशनों और परियोजनाओं के आसपास संचालित की गई हैं। |
| 2 | शिक्षा | 59.78 | 21.87 | 40.07 | 41.25 | |
| 3 | पर्यावरण एवं सतत विकास गतिविधियाँ | 30.98 | 37.65 | 59.26 | 27.57 | |
| 4 | अवसंरचना का विकास | 16.95 | 14.04 | 12.77 | 9.34 | |
| 5 | पेय जल | 9.59 | 6.90 | 5.74 | 5.16 | |
| 6 | स्वच्छ विद्यालय अभियान | 38.42 | 62.79 | 13.98 | 5.25 | |
| 7 | स्वच्छता | 4.84 | 2.22 | 5.17 | 12.22 | |
| 8 | सड़कों का निर्माण | 3.86 | 4.39 | 4.45 | 4.48 | |
| 9 | व्यावसायिक प्रशिक्षण | 7.24 | 4.86 | 4.92 | 5.18 | |
| 10 | संस्कृति / खेल / पशु | 5.33 | 14.79 | 13.11 | 20.67 | |
| 11 | दिव्यांगजनों को सहायता | 0.40 | 0.01 | 0.06 | 0.14 | |
| 12 | महिला सशक्तिकरण | 7.24 | 5.49 | 2.33 | 0.81 | |
| 13 | अन्य | 18.56 | 16.60 | 0.00 | 3.14 | |
| | **कुल** | **356.72** | **315.32** | **200.57 @** | **169.26** | |

*@ 425.76 करोड़ रुपए, जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के लेखापरीक्षित लेखे के अनुसार 'सेट-ऑफ' शामिल है। [पिछले वित्तीय वर्षों अर्थात 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान आवश्यकता से अधिक 225.19 करोड़ रुपये ( सेट ऑफ राशि) खर्च की गई]*

*'सेट-ऑफ' से आशय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 की उपधारा (5) के तहत प्रदान की गई आवश्यकता से अधिक व्यय की गई राशि से है ।*

ख. एनटीपीसी लिमिटेड संयंत्र/स्टेशन/क्षेत्र मुख्यालय-वार सीएसआर व्यय

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

| क्रम सं. | एनटीपीसी स्टेशन / परियोजनाएं / क्षेत्र/ कॉर्पोरेट सेंटर (सीसी) | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 (31.01.2025 तक अनंतिम) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंता गैस पावर परियोजना | 4.09 | 1.34 | 0.65 | 0.33 |
| 2 | औरैया गैस पावर परियोजना | 3.43 | 1.20 | 1.31 | 0.76 |
| 3 | बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन | 6.45 | 5.71 | 7.26 | 6.57 |
| 4 | बरौनी थर्मल पावर प्लांट | 0.00 | 0.13 | 0.00 | 0.00 |
| 5 | बाढ़ थर्मल पावर प्लांट | 0.74 | 5.36 | 3.59 | 0.50 |
| 6 | बोंगाईगांव थर्मल पावर | 1.19 | 0.96 | 3.72 | 6.77 |
| 7 | कोयला खनन मुख्यालय** | 0.05 | 0.93 | 0.80 | 0.40 |
| 8 | कॉर्पोरेट सेंटर * | 159.58 | 130.73 | 20.21 | 24.04 |
| 9 | दादरी गैस पावर परियोजना | 0.61 | 0.00 | 0.00 | 0.35 |
| 10 | दादरी थर्मल पावर परियोजना | 10.77 | 6.69 | 4.22 | 2.62 |
| 11 | दर्लीपल्ली एसटीपीपी | 0.23 | 3.52 | 0.12 | 0.74 |
| 12 | दुलंगा कोयला खनन परियोजना | 1.62 | 0.64 | 0.00 | 0.00 |
| 13 | पूर्वी क्षेत्र मुख्यालय पटना** | 3.36 | 5.49 | 10.21 | 1.63 |
| 14 | ईआरएचक्यू ॥** | 1.09 | 1.31 | 1.32 | 0.21 |
| 15 | फरक्का सुपर थर्मल पावर | 10.86 | 8.97 | 4.15 | 4.68 |
| 16 | फरीदाबाद गैस पावर स्टेशन | 1.46 | 1.26 | 1.39 | 0.36 |
| 17 | फिरोज गांधी ऊंचाहार थर्मल | 4.23 | 2.86 | 4.83 | 3.28 |
| 18 | गाडरवारा एसटीपीपी | 1.98 | 0.26 | 1.10 | 0.51 |
| 19 | हाइड्रो मुख्यालय** | 0.00 | 0.18 | 0.28 | 0.05 |
| 20 | झानोर - गंधार गैस विद्युत परियोजना | 1.07 | 1.91 | 1.57 | 1.67 |
| 21 | कहलगांव सुपर थर्मल पावर | 11.06 | 19.12 | 6.03 | 4.90 |
| 22 | कांती टीपीएस | 0.00 | 0.90 | 0.57 | 1.33 |
| 23 | कवास गैस पावर परियोजना | 0.85 | 1.97 | 1.31 | 0.53 |
| 24 | केरन्दारी 'ए' कोयला खनन परियोजना | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 25 | खरगोन एसटीपीपी | 3.71 | 0.57 | 0.60 | 1.21 |
| 26 | कोलडैम जलविद्युत परियोजना | 0.17 | 1.56 | 2.11 | 1.97 |
| 27 | कोरबा सुपर थर्मल पावर परियोजना | 25.82 | 7.57 | 6.42 | 2.44 |
| 28 | कुडगी एसटीपीपी | 0.33 | 2.99 | 5.13 | 5.52 |
| 29 | लारा एसटीपीपी | 0.64 | 1.21 | 1.15 | 0 |
| 30 | मौदा सुपर थर्मल पावर | 0.02 | 0.10 | 3.29 | 2.66 |
| 31 | नबीनगर एसटीपीएस | 0.00 | 6.51 | 3.93 | 3.15 |
| 32 | नोखरा सोलर पीवी परियोजना -300 मेगावाट | 0.15 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 33 | नार्थ करणपुरा थर्मल पावर | 3.24 | 0.41 | 0.08 | 0.00 |
| 34 | उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय ** | 14.61 | 15.18 | 14.52 | 10.28 |
| 35 | पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना | 5.19 | 1.57 | 0.15 | 0.30 |
| 36 | राजीव गांधी सीसीपीपी | 3.70 | 0.30 | 1.72 | 2.34 |

| क्रम सं. | एनटीपीसी स्टेशन / परियोजनाएं / क्षेत्र/ कॉर्पोरेट सेंटर (सीसी) | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 (31.01.2025 तक अनंतिम) |
|---|---|---|---|---|---|
| 37 | रामागुंडम सुपर थर्मल पावर | 7.03 | 4.73 | 7.30 | 5.37 |
| 38 | रिहंद सुपरथर्मल पावर | 9.87 | 3.55 | 4.13 | 6.24 |
| 39 | सिम्हाद्री थर्मल पावर परियोजना | 6.98 | 9.99 | 8.01 | 7.36 |
| 40 | सिंगरौली सुपर थर्मल पावर | 6.71 | 2.12 | 2.31 | 1.84 |
| 41 | सीपत सुपर थर्मल पावर परियोजना | 5.61 | 16.17 | 8.53 | 4.57 |
| 42 | सोलापुर एसटीपीपी | 2.11 | 2.66 | 9.79 | 2.73 |
| 43 | दक्षिणी क्षेत्र मुख्यालय** | 0.28 | 0.40 | 4.28 | 6.33 |
| 44 | टी एण्ड सीसी कार्यालय कोलकाता | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 45 | तलाईपल्ली कोयला खनन परियोजना | 1.96 | 4.39 | 0.82 | 0.00 |
| 46 | तालचेर सुपर थर्मल पावर | 11.85 | 9.43 | 8.41 | 5.15 |
| 47 | तालचेर थर्मल पावर स्टेशन | 9.44 | 4.64 | 8.81 | 8.85 |
| 48 | टांडा थर्मल पावर परियोजना | 1.31 | 2.71 | 3.61 | 2.92 |
| 49 | तपोवन विष्णुगढ़ हाइड्रो परियोजना | 0.00 | 0.00 | 1.00 | 0.15 |
| 50 | तेलंगाना सुपर थर्मल पावर | 1.83 | 3.34 | 0.35 | 0.01 |
| 51 | विंध्याचल सुपर थर्मल पावर परियोजना | 8.96 | 6.63 | 7.63 | 10.28 |
| 52 | पश्चिमी क्षेत्र मुख्यालय II ** | 0.24 | 2.97 | 1.41 | 0.47 |
| 53 | पश्चिमी क्षेत्र मुख्यालय I** | 0.24 | 2.19 | 10.42 | 14.88 |
| 54 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सौर पीवी | 0.00 | 0.00 | 0.02 | 0.00 |
| | **सकल योग** | **356.72** | **315.32** | **# 200.57** | **169.26** |

** कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा व्यय की गई सीएसआर राशि को विभिन्न राज्यों में कई सीएसआर गतिविधियों में खर्च किया जाता है, जैसे कि पूरे भारत में कोविड-19 से लड़ने के लिए पीएम केयर्स फंड को समर्थन, तीरंदाजी खेल को सहायता, डीओटी-सह-डीएमसी कार्यक्रम को समर्थन, एनटीपीसी फाउंडेशन एनआईएलडी (राष्ट्रीय लोकोमोटर दिव्यांगता संस्थान), दिव्यांगता पुनर्वास केंद्रों [एनएफएनडीआरसी] आदि को समर्थन।*

*** क्षेत्रीय मुख्यालयों द्वारा सीएसआर व्यय उनके क्षेत्र के विभिन्न राज्यों में विभिन्न सीएसआर गतिविधियों पर किया जाता है ।*

**#** *वित्तीय वर्ष 2023-24 के लेखापरीक्षित लेखाओं के अनुसार 'सेट-ऑफ' सहित 425.76 करोड़ रुपये। [ पिछले वित्तीय वर्षों अर्थात 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान आवश्यकता से अधिक 225.19 करोड़ रुपये ( सेट ऑफ राशि) व्यय की गई]*

**लो.स.अतारां.प्र.सं. 1519**

**अनुबंध-II**

**क) पीएफसी लिमिटेड द्वारा सामाजिक कल्याण से संबंधित कार्यों और सीएसआर के तहत लाभान्वित व्यक्तियों के लिए किए गए कार्यों का विवरण**

**(करोड़ रुपए में आंकड़ें)**

| क्र.सं. | फोकस क्षेत्र | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 (31.01.2025 तक अनंतिम) | लाभान्वित व्यक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वास्थ्य | 130 | 107 | 129 | 123 | देश भर में पीएफसी लिमिटेड द्वारा निष्पादित विभिन्न सीएसआर गतिविधियों से लगभग 50,13,000 व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। |
| 2 | शिक्षा | 3 | 29 | 29 | 42 | |
| 3 | पर्यावरण एवं संधारणीय विकास गतिविधियां | 9 | - | 14 | 1 | |
| 4 | अवसंरचना विकास | 5 | 18 | 14 | 15 | |
| 5 | पेय जल | - | - | - | - | |
| 6 | स्वच्छ विद्यालय अभियान | 9 | 2 | - | - | |
| 7 | स्वच्छता | - | - | - | - | |
| 8 | सड़कों का निर्माण | - | 2 | - | - | |
| 9 | व्यावसायिक प्रशिक्षण | 10 | 2 | - | - | |
| 10 | संस्कृति / खेल / पशु | - | 5 | 0.06 | - | |
| 11 | दिव्यांगजनों को सहायता | - | - | - | - | |
| 12 | महिला सशक्तिकरण | - | 7 | - | - | |
| 13 | अन्य | 4 | 7 | 30 | 5 | |
| | **कुल** | **170** | **179** | **215** | **186** | |

**ख) पीएफसी लिमिटेड द्वारा सीएसआर के अंतर्गत व्ययित निधियों का विवरण**

**(i) वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा निष्पादित सीएसआर पहलों का विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश | सिद्धार्थनगर | सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश में कोविड देखभाल केंद्रों में 58 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराने की परियोजना | 0.55 |
| 2 | राजस्थान | कोटा | राजस्थान के कोटा जिले में कोविड-19 राहत उपायों के लिए परियोजना | 0.50 |
| 3 | मणिपुर | चुराचांदपुर | चुराचांदपुर जिले में कोविड देखभाल केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी में चिकित्सा अवसंरचना उपलब्ध कराने की परियोजना | 1.72 |
| 4 | राजस्थान | सवाई माधोपुर | राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के विभिन्न गांवों में विभिन्न सौर ऊर्जा संयंत्रों की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 0.55 |
| 5 | उत्तर प्रदेश (यूपी) | मोहनलालगंज | लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मोहनलालगंज क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 500 सौर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम (एसएलएस) की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 0.97 |

| क्र.सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 6 | हरियाणा | गुरुग्राम | गांव दौल्लाह, गुरुग्राम, हरियाणा में दौल्लाह स्मार्टग्राम माध्यमिक विद्यालय के दूसरे चरण के निर्माण की परियोजना | 0.59 |
| 7 | उत्तराखंड | कई जिले | उत्तराखंड में राहत और पुनर्वास गतिविधियां उपलब्ध कराने हेतु परियोजना | 4.00 |
| 8 | राजस्थान | कई जिले | राजस्थान राज्य में सीएसआर स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान (एसबीएसवी) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में पीएफसी द्वारा निर्मित शौचालयों के सर्वेक्षण के बाद सुधार कार्य हेतु परियोजना | 3.23 |
| 9 | अखिल भारत | अखिल भारत | भारत के विभिन्न स्थानों पर समाज के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग/महिला/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 1000 बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने की परियोजना | 10.03 |
| 10 | अखिल भारत | अखिल भारत | भारत के विभिन्न स्थानों पर समाज के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग/महिला/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 900 बेरोजगार युवाओं को स्वास्थ्य संबंधी कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने की परियोजना। | 2.61 |
| 11 | झारखंड | सिंहभूम | झारखंड राज्य, चाईबासा के पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव ब्लॉक में सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र (सीएचसी) में चिकित्सा अवसंरचना उपलब्ध कराना | 1.23 |
| 12 | राजस्थान | बूंदी | बूंदी जिला, राजस्थान के ब्रुंधन और तालेरा गांवों में सामुदायिक केंद्र के निर्माण की परियोजना | 0.70 |
| 13 | महाराष्ट्र | मुंबई | टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई और एडवांस्ड सेंटर फॉर ट्रीटमेंट, रिसर्च एंड एड्युकेशन इन कैंसर, नवी मुंबई में चिकित्सा उपकरणों की खरीद की परियोजना। | 9.97 |
| 14 | दिल्ली | दक्षिण दिल्ली | छतरपुर मंदिर, दिल्ली में 240 केडबल्यूपी की संचयी क्षमता वाले ग्रिड से जुड़े एसपीवी विद्युत संयंत्र की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 1.00 |
| 15 | उत्तर प्रदेश | बुलंदशहर | बुलंदशहर जिले में सीएचसी गुलावठी का उन्नयन करने की परियोजना | 0.88 |
| 16 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के लिए कैंसर जांच एवं जागरूकता मोबाइल वैन की एक यूनिट और संबंधित उपकरण उपलब्ध कराने की परियोजना। | 3.49 |
| 17 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और दिल्ली | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और दिल्ली के 10 जिले | 10 जिलों में अस्थि बाधित, दिव्यांगजनों को 1000 मोटर चालित ट्राइसाइकिल वितरित करने की परियोजना। | 4.70 |
| 18 | हरियाणा | फरीदाबाद | हरियाणा के फरीदाबाद क्षेत्र के 21 गांवों में 4324 एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम (एसएलएस) और फिक्सचर की आपूर्ति, | 3.56 |

| क्र.सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| | | | संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना। | |
| 19 | आंध्र प्रदेश | कई जिले | आंध्र प्रदेश राज्य में सीएसआर स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान (एसबीएसवी) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में पीएफसी द्वारा निर्मित शौचालयों के सर्वेक्षण के बाद सुधार कार्य हेतु परियोजना (प्रथम चरण)। | 5.89 |
| 20 | उत्तर प्रदेश | मथुरा | उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में जिला संयुक्त अस्पताल (डीसीएच) वृंदावन के उन्नयन की परियोजना | 0.99 |
| 21 | उत्तर प्रदेश | अलीगढ़ | एएमयू सिटी गर्ल्स हाई स्कूल में छह कक्षाओं के निर्माण की परियोजना | 1.27 |
| 22 | लेह | नुब्रा वैली | नुबरा उपमंडल - लेह जिले में सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना के उन्नयन के लिए परियोजना | 6.93 |
| 23 | उत्तर प्रदेश | सिद्धार्थनगर | उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना हेतु परियोजना | 3.99 |
| 24 | हिमाचल प्रदेश | ऊना | हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में 15 वाट के 1750 सौर फोटोवोल्टिक स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम (एसएलएस) की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 2.95 |
| 25 | अखिल भारत | कई जिले | देश भर के विभिन्न कुष्ठ मिशन अस्पतालों में 450 केडबल्यूपी की संचयी क्षमता के साथ ग्रिड संबंधी एसपीवी विद्युत संयंत्र की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 1.99 |
| 26 | अखिल भारत | अखिल भारत | पीएम केयर्स फंड में अंशदान | 50.00 |
| 27 | दिल्ली | नई दिल्ली | डॉ. आरएमएल अस्पताल, नई दिल्ली चरण-III में समर्पित सरकारी कोविड-19 अस्पताल में तैनात डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को दैनिक पैक्ड-लंच की सुविधा प्रदान करना | 1.01 |
| 28 | दादर नगर हवेली, सिक्किम और मिजोरम | कई जिले | पीएफसी की सीएसआर पहल के तहत कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम (दादर नगर हवेली, सिक्किम और मिजोरम) के हिस्से के रूप में कोल्ड चेन उपकरण (सीसीई) की खरीद और वितरण के लिए परियोजना | 0.22 |
| 29 | अखिल भारत | अखिल भारत | 'स्वच्छता' पर व्यापक जागरूकता अभियान के लिए एफएम चैनलों पर जिंगल्स प्रसारित करने की परियोजना | 0.14 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | कानपुर | आईआईटी के माध्यम से स्मार्ट ग्रिड में प्रशिक्षण, अनुसंधान और उद्यमिता विकास के लिए परियोजना | 0.99 |
| 31 | अखिल भारत | अखिल भारत | पिछले वर्ष (वित्तीय वर्ष 2020-21) से कैरी फॉरवर्ड किया गया अतिरिक्त व्यय | 39.39 |
| 32 | - | - | प्रशासनिक ओवरहेड (सीएसआर कार्मिकों के वेतन एवं भत्ते तथा सीएसआर गतिविधियों के संबंध में यात्रा व्यय) | 4.41 |
| **कुल (वित्तीय वर्ष 2021-22)** | | | | **170.44** |

(ii) <u>वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा निष्पादित सीएसआर पहलों का विवरण</u>

| क्र. सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब | फिरोजपुर, मोगा, अमृतसर और तरन तारन | पंजाब के 4 जिलों (फिरोजपुर, मोगा, अमृतसर और तरन तारन) में अकाल अकादमी स्कूलों में कक्षाओं और संबद्ध सुविधाओं के निर्माण के लिए परियोजना | 5.30 |
| 2 | राजस्थान | प्रतापगढ़ | राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में जिला अस्पताल में चिकित्सा अवसंरचना उपलब्ध कराने की परियोजना | 0.51 |
| 3 | आंध्र प्रदेश | कृष्णा | आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिला प्रशासन के माध्यम से मछलीपट्टनम क्षेत्र, आंध्र प्रदेश में सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना के उन्नयन के लिए परियोजना | 5.07 |
| 4 | अखिल भारत | कई जिले | पीएम केयर्स फंड में अंशदान | 50.00 |
| 5 | केरल | मलप्पुरम | केरल के मलप्पुरम जिले में श्रीवलसम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसआईएमएस) अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने की परियोजना | 0.97 |
| 6 | दादर नगर हवेली | दादर नगर हवेली | खानवेल, सिलवासा में 'वनवासी कल्याण आश्रम' परिसर में जी+1 छात्रावास भवन के निर्माण की परियोजना | 4.77 |
| 7 | महाराष्ट्र | अमरावती | महाराष्ट्र के अमरावती जिले में डॉ. हेडगेवार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (डीएचआईएमएसआर) अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने की परियोजना। | 1.91 |
| 8 | मणिपुर | इम्फाल | मणिपुर सरकार के स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा शिक्षण संस्थानों के लिए एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस और अन्य मोबिलिटी सपोर्ट व्हीकल की खरीद के लिए परियोजना | 2.80 |
| 9 | मिजोरम | लुंगलेंग और आइज़वाल | लुंगलेंग, आइज़वाल जिला, मिजोरम में एएफसी कॉम्प्लेक्स के विकास के लिए परियोजना | 5.47 |
| 10 | उत्तर प्रदेश | बस्ती | उत्तर प्रदेश के बस्ती क्षेत्र के 50 स्थानों पर 50 वाटर एटीएम (डबल्यूएटीएम) की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना। | 3.97 |
| 11 | उत्तराखंड | बद्रीनाथ | चमोली जिले के बद्रीनाथ शहर में बद्रीश झील के पास आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र (ईआरसी) भवन के निर्माण की परियोजना | 17.58 |
| 12 | आंध्र प्रदेश | कई जिले | आंध्र प्रदेश राज्य में सीएसआर स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान (एसबीएसवी) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में पीएफसी द्वारा निर्मित शौचालयों के सर्वेक्षण के बाद सुधार कार्य हेतु परियोजना - दूसरा चरण | 1.86 |
| 13 | बिहार | आरा | बिहार के आरा जिले के 3 प्रखंडों (पीरो, बिहिया, जगदीशपुर) में विकास कार्यों की परियोजना - पूरक परियोजना के परिशिष्ट के रूप में भोजपुर ग्राम विकास कार्यक्रम। | 1.79 |
| 14 | कर्नाटक | बेंगलुरु | आईआईएससी बेंगलुरु के माध्यम से 'इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फॉर एनर्जी रिसर्च (आईसीईआर), आईआईएससी बेंगलुरु, | 10.87 |

| क्र. सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| | | | कर्नाटक के लिए अत्याधुनिक भवन के निर्माण की परियोजना। | |
| 15 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद | जिला प्रशासन औरंगाबाद के माध्यम से ऑयस्टर मशरूम की खेती, मार्केटिंग और ब्रांडिंग के माध्यम से 500 महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर उत्पन्न करने की परियोजना। | 7.06 |
| 16 | तेलंगाना | सूर्यापेट | तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), स्कूलों, आंगनवाड़ियों में अतिरिक्त कमरे, शौचालय और पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने और जिला कलेक्टर, सूर्यापेट के माध्यम से चयनित मंडलों में ग्राम पंचायत भवन के निर्माण की परियोजना। | 5.77 |
| 17 | तेलंगाना | हैदराबाद | एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी एंड रीजनल कैंसर सेंटर (एमएनजे), हैदराबाद में एमएनजे, हैदराबाद के माध्यम से 5 वर्षीय वारंटी के साथ 64 स्लाइस कम्प्यूटेड टोमोग्राफी स्कैनर की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना। | 5.00 |
| 18 | आंध्र प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड | कई जिले | भारत के विभिन्न स्थानों पर समाज के वंचित वर्गों से संबंधित 1000 व्यक्तियों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने की परियोजना। | 2.02 |
| 19 | नागालैंड | कोहिमा | नागा अस्पताल प्राधिकरण कोहिमा में सीटी स्कैन मशीन की खरीद के लिए परियोजना। | 3.56 |
| 20 | हिमाचल प्रदेश | सिरमौर | 'स्वास्थ्य सेवाओं' का उन्नयन और कलगीधर सोसाइटी, बरु साहिब, सिरमौर, हिमाचल प्रदेश (टीकेएस) के लिए 'निःशुल्क सामुदायिक रसोई' के लिए उपकरण उपलब्ध कराना। | 1.23 |
| 21 | आंध्र प्रदेश | पलनाडु | आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले के गांवों में आरओ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की संस्थापना के लिए परियोजना | 2.50 |
| 22 | पश्चिम बंगाल | मुर्शिदाबाद | भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) के लिए (1) कैंसर जांच एवं जागरूकता मोबाइल वैन और संबंधित उपकरणों की खरीद, जिन्हें मुर्शिदाबाद, कोलकाता में स्टेशन किया जाएगा। | 3.47 |
| 23 | उत्तराखंड | पौड़ी गढ़वाल | छावनी बोर्ड के माध्यम से उत्तराखंड के लैंसडाउन छावनी में छावनी बोर्ड अस्पताल/औषधालय के सुधार/उन्नयन की परियोजना' | 1.64 |
| 24 | ओडिशा | कंधमाल | ओडिशा के कंधमाल जिले में 20 स्कूलों की शैक्षिक और संबद्ध अवसंरचना के नवीनीकरण और सुधार की परियोजना | 6.00 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | केजीएमयू, लखनऊ में भर्ती गरीब कैंसर रोगियों के लिए जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरण की खरीद हेतु परियोजना। | 10.02 |
| 26 | राजस्थान | कई जिले | 'राजस्थान राज्य में सीएसआर स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में पीएफसी द्वारा निर्मित शौचालयों के सर्वेक्षण के बाद सुधार कार्य हेतु परियोजना' में संशोधन का प्रस्ताव | 4.42 |

| क्र. सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 27 | ओडिशा | सुंदरगढ़ | ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के राउरकेला नगर निगम में सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की रोकथाम के लिए सफाई और स्वच्छता वस्तुओं की खरीद और आपूर्ति के लिए परियोजना | 1.09 |
| 28 | तमिलनाडु | थूथुकुड | तमिलनाडु के थूथुकुड जिले के विभिन्न गांवों में सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना का उन्नयन। | 2.31 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | गौतमबुद्धनगर | उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के 10 सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मातृ एवं नवजात शिशु देखभाल इकाई (एमएनसीयू) के संचालन के लिए विभिन्न उपकरण/सामग्री उपलब्ध कराना | 0.86 |
| 30 | अखिल भारत | अखिल भारत | पीएम केयर्स फंड में अंशदान | 1.94 |
| 31 | - | - | प्रशासनिक उपरिव्यय (सीएसआर कार्मिकों के वेतन एवं भत्ते तथा सीएसआर गतिविधियों के संबंध में यात्रा व्यय) | 6.82 |
| **कुल (वित्तीय वर्ष 2022-23)** | | | | **178.58** |

**(iii) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा निष्पादित सीएसआर पहलों का विवरण**

| क्र. सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | बेंगलुरु | आईआईएससी बेंगलुरु के माध्यम से 'इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फॉर एनर्जी रिसर्च (आईसीईआर), आईआईएससी बेंगलुरु, कर्नाटक के लिए अत्याधुनिक भवन के निर्माण की परियोजना । | 12.66 |
| 2 | राजस्थान | बूंदी | राजस्थान के बूंदी जिले के 35 गांवों में विकास कार्यों के लिए परियोजना | 7.50 |
| 3 | दमन | दमन | दमन नगर परिषद, दमन (यूटी) के लिए उचित स्वच्छता सुनिश्चित करने और प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों की रोकथाम के लिए जेटिंग मशीन (01 नग) और मोबाइल शौचालय (05 नग) के साथ सीवर यूटिलिटी वाहन की खरीद और स्थापना | 1.44 |
| 4 | उत्तर प्रदेश | सोनभद्र | उत्तर प्रदेश के सोनभद्र क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 500 सौर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम (एसएलएस) की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 1.06 |
| 5 | दिल्ली | दिल्ली | एसजीजीएस विद्या केंद्र, दिल्ली में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 0.48 |
| 6 | उत्तराखंड | उत्तरकाशी | टेलीकम्युनिकेशन कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के माध्यम से सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत कुटेटी, उत्तरकाशी में स्वामी वेदानंद वेद विद्यालय में छात्र आवासीय सुविधाओं का विस्तार और अन्य विकास कार्य" | 1.02 |
| 7 | आंध्र प्रदेश | कई जिले | आंध्र प्रदेश राज्य में स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में पीएफसी द्वारा निर्मित शौचालयों का सुधार'- जियोटैगिंग के लिए क्रिस्प को अवार्डेड। | 2.94 |
| 8 | राजस्थान | कई जिले | राजस्थान राज्य में स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में पीएफसी द्वारा निर्मित शौचालयों का सुधार'- जियोटैगिंग के लिए क्रिस्प को अवार्डेड। | 0.64 |
| 9 | अरुणाचल प्रदेश | लोहित, निमसाई | अरुणाचल प्रदेश के लोहित और नामसाई जिले के 2 सरकारी स्कूलों में 02 सौर ऊर्जा संयंत्रों (एसपीवी) की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग तथा 1160 सौर स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम (एसएलएस) की संस्थापना | 3.93 |
| 10 | तमिलनाडु | कोयंबटूर | स्वामी विवेकानंद ब्लड सेंटर, कोयंबटूर, तमिलनाडु के लिए चिकित्सा उपकरणों की खरीद और संस्थापना के लिए परियोजना | 0.95 |
| 11 | महाराष्ट्र | संभाजीनगर | महाराष्ट्र के संभाजीनगर में ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकी के साथ सार्वजनिक उद्यान के विकास के लिए परियोजना | 10.57 |
| 12 | उत्तर प्रदेश | मुजफ्फरनगर | उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के विभिन्न गांवों में 200 एलईडी हाई मास्ट लाइटिंग सिस्टम की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 2.45 |

| क्र. सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 13 | केरल | कोझिकोड | सेवा भारती चेवयूर, कोझिकोड, केरल के लिए एम्बुलेंस की खरीद हेतु परियोजना | 0.21 |
| 14 | उत्तर प्रदेश | सिद्धार्थनगर | सिद्धार्थनगर जिला, उत्तर प्रदेश के विभिन्न गांवों में 500 एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणाली की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 1.01 |
| 15 | महाराष्ट्र | धुले | पीएफसी की सीएसआर पहल के तहत धुले जिला प्रशासन (डीडीए) के माध्यम से महाराष्ट्र के धुले जिले में केंद्र, राज्य सरकार और एकवीरा कॉटन टू फैब्रिक एसोसिएशन (एसपीवी) द्वारा संयुक्त रूप से वित्तपोषित कपास प्रसंस्करण मशीनरी की स्थापना के लिए सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) भवन के निर्माण की परियोजना | 7.50 |
| 16 | आंध्र प्रदेश | प्रकाशम | ओंगोल, प्रकाशम जिला, आंध्र प्रदेश के 32 गांवों में 32 आरओ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की संस्थापना के लिए परियोजना | 2.50 |
| 17 | पश्चिम बंगाल | पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर | पश्चिम बंगाल के पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में सिंचाई के लिए 5 एचपी क्षमता की मोटर और पानी की टंकी के साथ 20 सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) संचालित पंपिंग संरचना पंप की आपूर्ति और स्थापना के लिए परियोजना | 1.14 |
| 18 | बिहार | भोजपुर | पीरो ब्लॉक के सरकारी अस्पताल में बाउंड्री वॉल का निर्माण, पीरो ब्लॉक में पड़ाव मैदान का पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण, जगदीशपुर ब्लॉक में स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह के ऐतिहासिक महत्व के किले तक प्रवेश द्वार का निर्माण तथा जगदीशपुर ब्लॉक के नया टोला मोरिन के पास बस स्टैंड के निर्माण हेतु परियोजना | 11.62 |
| 19 | गोवा | उत्तर गोवा | 37वें राष्ट्रीय खेलों, गोवा के लिए चिकित्सा शिविरों की सीएसआर परियोजना | 2.57 |
| 20 | बिहार | मधुबनी | झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में 3 उप-मंडलीय स्वास्थ्य केंद्र में 30 किलोवाट क्षमता के ऑफ ग्रिड एसपीवी विद्युत संयंत्र की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग का प्रस्ताव | 1.13 |
| 21 | बिहार | भोजपुर | 150 सौर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणाली की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 0.30 |
| 22 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | अल्ट्राथिन सैनिटरी नैपकिन निर्माण इकाई की खरीद का प्रस्ताव, तहसील: सोरांव, जिला: प्रयागराज, फूलपुर निर्वाचन क्षेत्र (यूपी) | 0.26 |
| 23 | आंध्र प्रदेश | मछलीपट्टनम | मछलीपट्टनम में मत्स्य पालन समुदाय विकास के लिए परियोजना | 0.34 |
| 24 | केरल | कोझिकोड | सरस्वती विद्या मंदिरम स्कूल, कोझिकोड, केरल के लिए हॉकी खेल सामग्री/उपकरण की खरीद | 0.06 |
| 25 | बिहार | भोजपुर | बिहार के भोजपुर जिले के बिहिया ब्लॉक के 28 गांवों में 'भोजपुर ग्राम विकास कार्यक्रम' के तहत विकास कार्यों की सीएसआर परियोजना | 3.94 |

| क्र. सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 26 | केरल | कोट्टायम | केरल के कोट्टायम जिले के वैकोम स्थित तालुक मुख्यालय अस्पताल में कुल 100 केडबल्यूपी ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्र की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 0.68 |
| 27 | आंध्र प्रदेश | विजयनगरम | आंध्र प्रदेश के विजयनगरम के विभिन्न गांवों में 500 सौर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 1.01 |
| 28 | दमन | सिल्वासा | सिलवासा, संघ राज्य क्षेत्र दमन और दीव में "नेताजी सुभाष चंद्र बोस मिलिट्री अकादमी" परिसर के लिए बालकों के छात्रावास ब्लॉक और प्रवेश द्वार का निर्माण | 12.30 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | अमेठी | उत्तर प्रदेश के अमेठी संसदीय क्षेत्र के विभिन्न कार्यनीतिक स्थानों पर 750 सौर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम (एसएलएस) की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 1.52 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | कानपुर | अकबरपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, कानपुर, उत्तर प्रदेश के विभिन्न ब्लॉकों में 500 एसपीवी एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 1.01 |
| 31 | दमन | सिल्वासा | कैंपस अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन और नेताजी सुभाष चंद्र बोस मिलिट्री अकादमी में भोजन कक्ष के लिए रसोई के बर्तनों की परियोजना | 1.59 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | आजमगढ़ | उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ संसदीय क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 63 सौर आधारित एलईडी हाई-मास्ट स्ट्रीट लाइटिंग प्रणाली की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 0.24 |
| 33 | गोवा | उत्तर गोवा | गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बम्बोलिम में चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए सीएसआर परियोजना शुरू करने की परियोजना | 4.00 |
| 34 | हिमाचल प्रदेश | सिरमौर | इटरनल यूनिवर्सिटी, द कलगीधर ट्रस्ट, बरु साहिब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश में सामुदायिक प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य देखभाल केंद्र (जी+3) के निर्माण हेतु परियोजना | 5.50 |
| 35 | मध्य प्रदेश | सतना | मध्य प्रदेश के सतना जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में उपकरण उन्नयन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा वितरण के सुदृढ़ीकरण हेतु परियोजना | 4.88 |
| 36 | तमिलनाडु | चेन्नई | आईआईटी, मद्रास के चिकित्सा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में अनुसंधान स्नातक एनाटॉमी प्रयोगशाला की स्थापना का प्रस्ताव | 16.25 |
| 37 | केरल | कोट्टायम | केरल के पल्लीकाथोडु और मुथोली ग्राम पंचायत के पारिवारिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिए चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने की परियोजना | 0.75 |

| क्र. सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 38 | कर्नाटक | उडुपी | मणिपाल प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज, उडुपी, कर्नाटक के परिसर में मिड-डे मील लाभार्थियों के लिए डाइनिंग हॉल के साथ-साथ अन्य अवसंरचना सुविधाओं के निर्माण की परियोजना | 0.89 |
| 39 | पश्चिम बंगाल | दक्षिण दिनाजपुर | पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट ब्लॉक में 11 सरकारी उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्कूलों और 02 सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लैब-आईओटी लैब की स्थापना के लिए परियोजना | 2.59 |
| 40 | अखिल भारत | अखिल भारत | स्वच्छ भारत कोष में योगदान | 77.46 |
| 41 | - | - | प्रशासनिक उपरिव्यय (सीएसआर कार्मिकों के वेतन एवं भत्ते तथा सीएसआर गतिविधियों के संबंध में यात्रा व्यय) | 6.51 |
| **कुल (वित्तीय वर्ष 2023-24)** | | | | **215.39** |

(iv) <u>वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा निष्पादित सीएसआर पहलों का विवरण (31.01.2025 तक)</u>

| क्र. सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | संस्वीकृत राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | बेंगलुरु | आईआईएससी बेंगलुरु के माध्यम से 'इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फॉर एनर्जी रिसर्च (आईसीईआर), आईआईएससी बेंगलुरु, कर्नाटक के लिए अत्याधुनिक भवन के निर्माण की परियोजना। | 18.22 |
| 2 | बिहार | भोजपुर | बिहार के भोजपुर जिले के बिहिया और जगदीशपुर ब्लॉक के 25 गांवों में करों और एजेंसी शुल्क सहित विकास कार्य | 4.31 |
| 3 | आंध्र प्रदेश | मछलीपट्टनम | मछलीपट्टनम में मत्स्य पालन समुदाय विकास के लिए परियोजना | 5.05 |
| 4 | उत्तर प्रदेश | आजमगढ़ | उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ संसदीय क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 63 सौर आधारित एलईडी हाई-मास्ट स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए परियोजना | 0.50 |
| 5 | उत्तर प्रदेश | सिद्धार्थनगर | जिला सिविल सोशल रेस्पोन्सिबिलिटी एसोसिएशन (जेसीएसआरए), सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश के माध्यम से ऑडिटोरियम सिद्धार्थनगर के निर्माण हेतु परियोजना | 5.98 |
| 6 | केरल | कन्नूर | मंजेश्वरम परिसर (कन्नूर यूनिवर्सिटी) में स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में दो कक्षाओं के निर्माण (ध्वनि प्रणाली, स्मार्ट बोर्ड, प्रोजेक्टर आदि की आपूर्ति और संस्थापना सहित) की परियोजना | 0.97 |
| 7 | अखिल भारत | अखिल भारत | स्वच्छ भारत कोष | 50.00 |
| 8 | कर्नाटक | उडुपी | आदि उडुपी स्कूल, उडुपी, कर्नाटक के लिए स्कूल भवन और संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए परियोजना | 15.00 |
| 9 | अखिल भारत | कई राज्य | 10 राज्यों के विभिन्न स्थानों पर अस्थि बाधितों, दिव्यांगजनों को 2000 मोटर चालित ट्राइसाइकिल वितरित करने की परियोजना | 12.97 |
| 10 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | रामकृष्ण मिशन आश्रम, ग्वालियर, मध्य प्रदेश में स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन और नवीनीकरण के लिए परियोजना। | 3.50 |
| 11 | कर्नाटक | बेंगलुरु | जयदेव मेमोरियल राष्ट्रोत्थान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, बेंगलुरु, कर्नाटक में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन हेतु परियोजना | 4.99 |
| 12 | उत्तराखंड | देहरादून | विवेकानन्द चैरिटेबल अस्पताल, धर्मावाला, देहरादून, उत्तराखंड में कैथ लैब की स्थापना के लिए परियोजना | 4.71 |
| 13 | दादरा नगर हवेली | सिल्वासा | परियोजना के दूसरे चरण के अंतर्गत द्वितीय तल और तृतीय तल के निर्माण द्वारा वनवासी कल्याण आश्रम परिसर, खानवेल, सिलवासा, दादरा नगर हवेली (वीकेए) में | 4.75 |

| क्र. सं. | राज्य/यूटी | क्षेत्र/जिला | परियोजना का शीर्षक | संस्वीकृत राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| | | | छात्रावास भवन के विस्तार की परियोजना | |
| 14 | अखिल भारत | अखिल भारत | स्वच्छ भारत कोष | 50.00 |
| 15 | अखिल भारत | अखिल भारत | 18 सीएसआर परियोजनाओं का प्रभाव आकलन अध्ययन | 0.44 |
| 16 | - | - | प्रशासनिक उपरिव्यय (सीएसआर कार्मिकों के वेतन एवं भत्ते तथा सीएसआर गतिविधियों के संबंध में यात्रा व्यय) (31.01.2025 तक) | 4.94 |
| **कुल (वित्तीय वर्ष 2024-25 (31.01.2025 तक))** | | | | **186.33** |

******************